प्रेस नोट

जनपद हमीरपुर **दिनाँक-15.06.2024**

थाना कुरारा पुलिस द्वारा 20 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजे के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में स्वापक औषधी एवं मनःप्रभावी पदार्थ/ मादक पदार्थों के तस्करी/ बिक्री/संचालन करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम थाना कुरारा पुलिस व स्वाट टीम के संयुक्त प्रयास से मुखबिरखास की सूचना पर 02 अभियुक्तों को यात्री प्रतिक्षालय श्रमदान पतारा के पास थाना कुरारा से नाजायज गांजे के साथ आज दिनांक 15.06.2024 को समय करीब 05.00 बजे प्रातः गिरफ्तार किया गया। दोनो अभियुक्तों के पास से कुल 20 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि दोनो अभियुक्त रायपुर छत्तीसगढ़ से गांजा लेकर बेचने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति का इन्तजार कर रहे थे।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कुरारा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 203/2024 धारा 8/20 **NDPS Act** दोनो अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-</u>

1. संजय प्रजापति पुत्र लाला भईया निवासी राजेन्द्र नगर थाना कबरई जनपद महोबा (उम्र करीब 36 वर्ष)
2. विकास पाण्डेय पुत्र मोहन लाल पाण्डेय निवासी बाकरगंज चौकी के पास थाना कोतवाली सदर जनपद फतेहपुर (उम्र करीब 19 वर्ष)

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

कुल बरामद हुए 14 पैकेट में 20 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा।

<u>गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम-</u>

1. उ0नि0 शिव कुमार सिंह थाना कुरारा
2. उ0नि0 सचिन शर्मा (प्रभारी स्वाट टीम)
3. हे0का0 अनिरुद्ध नारायण (थाना कुरारा)
4. हे0का0 धर्मेन्द्र कुमार (सर्विलांस सेल)
5. का0 मनोज गुप्ता (थाना कुरारा)
6. का0 बलराम पटेल (थाना कुरारा)
7. का0 उमाशंकर (स्वाट टीम)
8. का0 सुरेन्द्र कुमार मिश्रा (स्वाट टीम)
9. का0 शक्ति सिंह (स्वाट टीम)